हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 60 देहरादून, बृहस्पतिवार, 22 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8




उत्तराखंड में पहली बार अनोखी पहल, 5 गांव गोद लेगी ये यूनिवर्सिटी,स्टूडेंट्स करेंगे विकास 3

# मुख्यमंत्री ने किया ‘नन्दा देवी लोकजात मेले’ का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने चमोली जनपद के लिए की विभिन्न घोषणाएं





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली , 22 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली स्थित कुरुड़ पहुंचकर तीन दिवसीय नन्दा देवी लोकजात मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मां नंदा के दर्शन कर पूजा अर्चना की एवं प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणा भी की। मुख्यमंत्री घोषणा में नंदानगर, नारायणबगड़ और देवाल में खेल मैदान निर्माण, प्राणमती नदी के दोनों तटों पर सुरक्षा कार्य, थराली के ढाडरबगड़ में बाढ़ सुरक्षा कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नंदा देवी लोकजात मेले को राजकीय मेला घोषित करने, नंदानगर चिकित्सालय को उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकृत करने की घोषणा भी की।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक मेले हमें हमारी संस्कृति के साथ अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के पौराणिक मेलों को संरक्षण करते हुए नए आयामों को जोड़कर भव्यता प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में युवाओं के भविष्य को देखते हुए पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जहां एक ओर नकल विरोधी कानून बनाकर नकल पर प्रभावी रोक लगाई है, वहीं राज्य में भर्ती परीक्षाओं में नकल करवाने वाले 100 से अधिक दोषियों को जेल भेजने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कार्य प्रणाली का प्रतिफल है कि अब तक 16 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।उन्होंने कहा कि राज्य में सतत विकास का कार्य भी तीव्र गति से हो रहा है। जिसके कारण उत्तराखण्ड देश में सतत विकास में पहले पायदान पर खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देशन में बद्रीनाथ और केदारनाथ का विकास किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में सत्र की कार्यवाही के लिए जाते हुए।

## गैरसैंण सत्र : मंत्रियों, विधायकों और सचिवों को संस्कृत सम्भाषण का कराया गया अभ्यास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गैरसैंण 22 अगस्त : मम नाम ऋतुभूषण खण्डूरी अस्ति, मम नाम डा धनसिंह रावतः अस्ति, मम नाम वंशीधर भगतः अस्ति, मम नाम सरिता आर्या, मम नाम राधा रतूडी अस्ति बोलते ही पूरे विधानसभा परिसर में संस्कृतमय वातावरण बन गया। मा विधानसभा अध्यक्ष ऋतुभूषण खण्डूडी ने कहा कि विधान सभा में संस्कृत सम्भाषण की पहल करना अच्छी शुरुवात है, इसे आगे भी जारी रखना अच्छा होगा।उन्होंने कहा संस्कृतभाषा ज्ञान परम्परा और सांस्कृतिक परम्परा का आधार है।

संस्कृत के बिना हम अपने जीवन मूल्यों को नहीं जान सकते। संस्कृत शिक्षा मन्त्री डा धनसिंह रावत ने सदन को बताया कि प्रत्येक जनपद में संस्कृत ग्रामों एवं प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों की स्थापना जल्दी ही करने जा रहे हैं और संस्कृत ज्ञान कुम्भ का आयोजन भी किया जाना है।संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक कुमार ने विभाग की विस्तृत योजनाओं से मा



मंत्रियों, विधायकों व सचिवों को अवगत कराया।

संस्कृत सम्भाषण शिबिर में मा विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी, संस्कृत शिक्षा मन्त्री डा धनसिंह रावत, वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, विधायक बंशीधर भगत, भरत सिंह चौधरी, मुन्ना सिंह चौहान, सरिता आर्या, मुख्य सचिव राधा रतूडी, आर मीनाक्षी सुंदरम, नितेश झा, संस्कृत शिक्षा के सचिव दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ आनंद भारद्वाज, सहायक निदेशक देहरादून डॉ चंडीप्रसाद घिल्डियाल ने किया। संस्कृत संभाषण कक्षा का संचालन उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के शोध अधिकारी डा हरीश चन्द्र गुरुरानी ने किया तथा सहयोग गणेश प्रसाद फोन्दणी ने किया।

# सोते समय अंधेरा क्यों जरूरी ? पढ़िए रिसर्च

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 अगस्त , आज हम जानेंगे कि क्यों अंधेरे में सोना जरूरी होता है और कैसे आप सही तरीके से सोकर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। क्या आपको पता है कि अंधेरे कमरे में सोने से आपके स्वास्थ्य अच्छा पर असर पड़ सकता है। अंधेरे में सोने से न केवल आपकी नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि यह शुगर और अन्य बीमारियों से लड़ने में भी मदद करता हैं। आज हम आपको बताएंगे अंधेरे में सोने के फायदों के बारे में, आइए जानते हैं और अपनी नींद को बेहतर बनाते हैं।

रिसर्च क्या कहती है


हाल ही में एक रिसर्च के मुताबिक जो लोग पूरी तरह अंधेरे कमरे में सोते हैं, उनमें टाइप- 2 डायबिटीज का खतरा कम होता है, इस रिसर्च में 1000 से अधिक लोगों पर अध्ययन किया गया था जिसमें पाया गया कि नींद के दौरान कमरे में प्रकाश की मौजूदगी से हमारे शरीर के ब्लड शुगर लेवल पर सीधा असर पड़ता है जो कि हानिकारक होता है।

क्यों जरूरी है अंधेरे में सोना

अंधेरे में सोने से हमारे शरीर की गुणवत्ता सुधरती है, अंधेरे में सोने से हमारे शरीर को पूरी तरह से आराम मिलता है। इससे शरीर के हार्मोन का संतुलन बना रहता है। नियमित रूप से अंधेरे में सोने से मोटापा और दिल की बीमारियों का खतरा भी कम होता है, यह डायबिटीज के खतरे को भी कम कर सकता है।

अच्छी नींद के लिए ये स्टेप्स फॉलो करें

सबसे पहले कमरे में पूरे तरीके से अंधेरा कर लें, इसके बाद कमरे की सभी लाइट्स को ऑफ कर दें। अब अगर सोने का प्लान हो गया हो तो फोन को भी खुद से दूर रखें, इसका यूज नींद में समस्या पैदा कर सकता है। सोने से पहले अपने कमरे के तापमान को भी अपने अनुसार सही कर लें। अच्छी नींद के लिए सबसे जरूरी है समय, इसके लिए आपको रोजाना के लिए




एक स्लीपिंग टाइम टेबल बनाना होगा ताकि आप रोज उस समय पर सो जाएं। ऐसा करने से आपको रोजाना एक नियमित समय पर नींद आने की आदत बन जाएगी।

# उत्तराखंड के गिरीश पंत को सोनू सूद ने कहा थैंक्स सऊदी में फंसे परिवार के लिए बने आखिरी उम्मीद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 22 अगस्त : गिरीश पंत ने एक बार फिर से अपनी दरियादिली से चर्चाओं में हैं और इस बार मशहूर एक्टर सोनू सूद ने उन्हें थैंक्स कहा। इस बार उन्होंने सऊदी अरब में फंसे हैदराबाद के परिवार की मदद की।उत्तराखंड के गिरीश पंत जिन्हें बजरंगी भाईजान के नाम से जाना जाता है, उन्होंने दुबई और कई अन्य देशों में फंसे हजारों भारतीयों की मदद की है। उनकी इसी समर्पित सेवा के कारण जब भी कोई भारतीय विदेश में किसी मुसीबत में फंसता है, तो सबसे पहले अल्मोड़ा के गिरीश पंत को याद किया जाता है। हाल ही में अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद ने भी गिरीश



से संपर्क कर हैदराबाद के एक परिवार की मदद की विनती की। गिरीश पंत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चंद दिनों में उनकी समस्या का समाधान कर दिया, जिसके लिए सोनू सूद ने उन्हें धन्यवाद कहा।हैदराबाद के एक परिवार ने सोनू सूद से सऊदी अरब में मृत रमनजनेयूलू की डेड बॉडी को भारत लाने में मदद मांगी। सोनू सूद ने कई प्रयासों के बावजूद एक हफ्ते में समस्या हल नहीं हो पाई, तो उन्होंने दुबई के गिरीश पंत से संपर्क किया।

गिरीश पंत ने तुरंत इंडियन एंबेसी से संपर्क कर डेड बॉडी को भारत भेजने की प्रक्रिया शुरू की। गिरीश पंत ने बताया कि इंडियन एंबेसी चाहती थी कि मृतक के परिजनों को उनके हक की धनराशि मिलने के बाद ही डेड बॉडी भारत भेजी जाए, क्योंकि मृतक सऊदी अरब में 25 सालों से काम कर रहा था। एंबेसी को चिंता थी कि अगर बॉडी पहले भेज दी गई, तो कंपनी और एंबेसी इस प्रक्रिया में ध्यान नहीं दे पाएंगे। गिरीश पंत की कोशिशों से 20 दिन में डेड बॉडी भारत पहुंचाई गई और कंपनी ने परिवार को एकमुश्त राशि देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी।गिरीश पंत ने बताया कि इंडियन एंबेसी काउंसिल मोइन अख्तर ने पूरे मामले में काफी सहयोग किया। उनकी मदद से 20 अगस्त की दोपहर साढ़े चार बजे डेड बॉडी भारत पहुंच गई। इसके बाद सोनू सूद और उनके मैनेजर ने गिरीश पंत को कॉल कर धन्यवाद कहा और सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कर आभार व्यक्त किया। गिरीश पंत ने बताया कि उनके पास ऐसे कई मामले आते हैं, और वे हमेशा यथासंभव मदद करने की कोशिश करते हैं।

# किसानों के काम की है यह योजना, सरकार दे रही 50% का अनुदान, जल्द करें आवेदन



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : खेती किसानी को बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह के प्रयास किसानों के लिए किए जाते हैं, ऐसे में किसानों को उनकी आय बढ़ाने के लिए अब सरकार की तरफ से संचालित खेत तालाब योजना के लिए उनसे आवेदन मांगे जा रहे हैं. खास बात यह है कि विभाग की तरफ से किसानों को इस अभियान में अच्छा खासा अनुदान भी दिया जा रहा है. जिससे उनकी आर्थिक समस्याएं दूर हो सके और वह खेत में एक साथ कई काम कर अपना मुनाफा कमा सके. विभाग की तरफ से पंजीकरण शुरू हैं. कोई भी किसान इस योजना के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ ले सकता है.

खेत तालाब योजना के अंतर्गत किसान कई काम कर सकते हैं. इसके लिए खेतों में तालाब खुदवाने के लिए उन्हें 50 प्रतिशत का अनुदान सरकार की तरफ से दिया जा रहा है. किसान इस अभियान में खेतों में तालाब खुदवाकर सिंघाड़े की बुवाई कर सकते हैं, मछली पालन कर सकते हैं. जल संचयन कर सकते हैं. इसके अलावा अन्य कई काम कर अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं. किसानों को इस अभियान में काफी फायदा हो और वह ज्यादा से ज्यादा आवेदन करें इसके लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है.

किसानों को इस योजना में आवेदन करने के लिए अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी के साथ विभाग की दी गई बेबसाईटupagripardarshi.gov.in/staticpages/FarmPond-Scheme-hi.aspx पर जाकर सीधे आवेदन करना होगा. आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरीके से निशुल्क है. आवेदन होते ही आपके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा. इसके बाद आपका आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा. आवेदन पत्र का सत्यापन कर योजना में अनुदान की राशि आपके खाते में सीधे स्थानांतरित कर दी जाएगी।

जिला भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि विभाग की तरफ से इसके लिए बृहद जन जागरूकता और प्रचार प्रसार किया जा रहा है. किसानों को ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ मिल सके और किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है. किसानों को इस बेहद फायदेमंद योजना में जागरूक कर पहले आओ पहले पाओ के तहत लाभ दिया जाएगा.

# विटामिन डी फूड का बाप निकली ये चीज खोपड़ी से लेकर अंगूठा तक बनेगा फौलाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : विटामिन डी लेना सबसे मुश्किल है। यह धूप सेंकने से मिलता है। लेकिन गर्मी में धूप में बैंठना नामुमकिन हो रहा है। इस वजह से विटामिन डी की कमी हो जाती है और ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी हो सकती है। शाकाहारी लोगों के लिए वेज विटामिन डी फूड्स नजर ही नहीं आते। आप भी अगर ऐसा सोचते हैं तो गलत है। कई सारे वेजिटेरियन फूड सनशाइन विटामिन देते हैं। इनमें से एक फूड चीज तो मांस-मछली के बराबर ताकत देती है। यह हड्डियों को हमेशा के लिए पत्थर की तरह मजबूत बना देगी। जिससे बुढ़ापे में भी आपका कंकाल नहीं झुकेगा। विटामिन डी शरीर में कैल्शियम की खपत बढ़ाने के लिए भी जिम्मेदार होता है।मशरूम के अंदर विटामिन डी होता है। मगर इसकी एक प्रजाति ऐसी है जो नॉन वेजिटेरियन के बराबर विटामिन डी दे सकती है। इस फूड का नाम गुच्छी मशरूम है, जिसे गुच्ची के नाम से भी जाना जाता है। इसे अंग्रेजी में मॉरेल या मोर्चेला मशरूम भी कहते हैं। यह जंगली सूखे मशरूम होते हैं।शरीर को बाहुबली बनाने के लिए यह एक नेचुरल टॉनिक है। रिसर्च गेट पर मौजूद शोध कहता है कि गुच्छी मशरूम को गाय के देसी घी में भूनकर खाने से ताकत बढ़ती है। इसे खाना खाने के बाद लेना चाहिए। इसके अंदर कई सारे विटामिन व मिनरल्स होते हैं।

गैस्ट्रिक प्रॉब्लम आर्थराइटिस कमजोरी पेट के घावपेट दर्दइस मशरूम में आयरन की भरमार होती है। इसलिए एनीमिया के पेशेंट्स को इसे खाने की सलाह दी जाती है। यह रेड ब्लड सेल्स के निर्माण में मदद करता है। जो कि पूरे शरीर में ऑक्सीजन भेजने का कार्य करती हैं। नसों को स्वस्थ रखने के लिए भी आयरन की जरूरत होती है।

# पौड़ी पुलिस ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाया साइबर व नशे से जागरूक रहने का पाठ







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 22 अगस्त : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को स्कूल/कॉलेजो में जाकर छात्र-छात्राओं को लगातार जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना सतपुली पुलिस टीम द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज, दुधारखाल व थाना यमकेश्वर पुलिस टीम द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज, यमकेश्वर में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, मानव तस्करी, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया व नशे के दुष्प्रभावों आदि के बारे में जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि यदि उनके साथ कोई भी व्यक्ति गलत व्यवहार या छेड़छाड़ करता है तो इस तरह की घटनाओं को कदापि नजर अंदाज न करें, इसकी सूचना तत्काल अपने परिजनों और पुलिस को देने हेतु बताया गया।

## उत्तराखंड में पहली बार अनोखी पहल, 5 गांव गोद लेगी ये यूनिवर्सिटी, स्टूडेंट्स करेंगे विकास



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 22 अगस्त : इसके साथ ही कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षा और शोध को उन्नत करने के लिए 'विद्या सेतु' कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके लिए वित्तीय स्वीकृति भी मिल चुकी है।कुमाऊं विश्वविद्यालय ने अपने मुख्यालय के निकटवर्ती पटवाडांगर गांवों का चयन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।


चयन के बाद इन गांवों की जनसांख्यिकी का गहन अध्ययन किया जाएगा और विवि की टीम शैक्षिक और सामाजिक उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके साथ ही विवि के विद्या सेतु कार्यक्रम के तहत, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में सुधारात्मक प्रयास किए जाएंगे।यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी के अनुसार लॉ, फार्मेसी और रूरल मैनेजमेंट सहित विभिन्न विभागों और केंद्रों की मदद ली जाएगी। लॉ के छात्र गांवों में जाकर कानूनी सलाह देंगे, जबकि फार्मेसी विभाग स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम चलाएगा और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराएगा। इसके अतिरिक्त सरकार और विवि की योजनाओं की जानकारी भी गांवों तक पहुंचाई जाएगी।

## गुलदार के हमलों को लेकर नागरिक प्रतिरोध कर मांग पत्र जारी करेंगे

देहरादून। गुलदार के हमलों को लेकर आज हरेगा गांव, धाद और फील गुड ट्रस्ट आज देहरादून में नागरिक प्रतिरोध करेगा। गुरुवार शाम छह बजे घंटाघर स्थित इंद्रमणि चौक पर लोग एकत्रित होंगे और मांग पत्र जारी करेंगे। मांग पत्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए ऑनलाइन मुहिम भी चलाई जा रही है। जिसमें लोगों से मांगपत्र साझा किया जा रहा है। धाद से जुड़े तनम्य ममगाईं ने बताया कि रक्षाबंधन पर पौड़ी गढ़वाल के रिखणीखाल में गुलादार के हमले के एक बच्चे की मौत हुई है। ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। गांव को बचाने और गुलदार के हमलों को रोकने के लिए उचित कदम उठाने के लिए नागरिक प्रतिरोध के रूप में हरेला गांव-धाद और फील गुड ट्रस्ट की टीम लोगों को साथ लेकर इस मुहिम को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन हर बार घटना होने के बाद भुला दी जाती है। बाघ, गुलदार आदि हिंसक जानवरों का आबादी क्षेत्र में घुसकर मानवीय और पशु क्षति पहुंचाना अत्यंत भयभीत करने वाला और चिंताजनक है। इसका समाधान न होने से सुदूर पहाड़ों के गांवों से पलायन और तीव्रता बढ़ी है।

## नैनीताल : तेज रफ्तार कार की ई-रिक्शा से जबरदस्त टक्कर में 4 की मौत





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रपुर 22 अगस्त : नैनीताल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा में सवार तीन महिलाओं और चालक की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।बीती रात एक सड़क हादसे में तीन महिलाओं और ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक गर्भवती ज्योति को लेबर पेन होने पर परिजन और आसपास की महिलाएं उसे ई-रिक्शा से अस्पताल लेकर गई थीं। जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें घर भेज दिया।

रात करीब ढाई बजे वे वापस लौट रहे थे तब यह हादसा हुआ।जैसे ही ई-रिक्शा अटरिया मोड़ से आगे बढ़ा तभी एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। इसमें सवार गर्भवती महिला समेत पांच महिलाएं और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दो महिलाओं और चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि गर्भवती महिला और अन्य दो महिलाओं को हल्द्वानी रेफर किया गया। हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में गर्भवती महिला की भी मौत हो गई, जबकि अन्य महिलाओं का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौत की खबर के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### विक्रम सिंह को अनुसचिव कृषि का जिम्मा

देहरादून। सचिवालय में विभागीय खाली पदों पर डीपीसी के बाद पदोन्नति आदेश जारी करने के साथ ही विभाग भी आवंटित कर दिए गए हैं। अनुभाग अधिकारी से अनुसचिव बने अफसरों को विभाग आवंटित किए गए। अनुसचिव विक्रम सिंह चौहान को कृषि विभाग की जिम्मेदारी दी गई। अनुसचिव सुरेंद्र सिंह चौहान को सचिवालय प्रशासन विभाग आवंटित किया गया। सचिवालय प्रशासन की ओर से अपर सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव के खाली पदों पर भी डीपीसी की जा चुकी है। पद खाली होने के साथ ही पदोन्नति आदेश जारी किए जाएंगे।

### अनिल कुमार बने अपर निदेशक खनन

देहरादून। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में खाली पदों पर पदोन्नति आदेश बुधवार को जारी किए गए। संयुक्त निदेशक अनिल कुमार को अपर निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया। गंगाधर प्रसाद और दिनेश कुमार को उप निदेशक से संयुक्त निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया। अपर सचिव खनन लक्ष्मण सिंह की ओर से पदोन्नति आदेश जारी किए गए।

### एससी-एसटी आरक्षण को यथावत रखें

देहरादून। उत्तराखंड एससी-एसटी इंपलाइज फेडरेशन ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष करम राम और महासचिव डॉ.सीएल भारती ने सरकारी नौकरी और शैक्षणिक संस्थाओं में एससी-एसटी आरक्षण को यथावत रखने की मांग की है।

### आरक्षण बचाने के लिए शहर में निकाली आक्रोश रैली

देहरादून। आरक्षण बचाओ संयुक्त मोर्चा ने एससी-एसटी आरक्षण को यथावत रखने की मांग को लेकर बुधवार को आक्रोश रैली निकाली। मोर्चा से जुड़े लोगों ने इस दौरान तहसील चौक पर कुछ देर के लिए धरना भी दिया। डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर आरक्षण को यथावत रखने की मांग की है। संयुक्त मोर्चा से जुड़े विभिन्न संगठनों के लोग परेड ग्राउंड में एकत्र हुए। यहां से आक्रोश रैली शुरू की, जो एस्लेहॉल चौक, घंटाघर, दर्शनलाल चौक से तहसील चौक पर पहुंचे। यहां रैली में शामिल कुछ लोग बीच सड़क में धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद आगे बढ़े और द्रोण होटल चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि एससी-एसटी के लिए नौकरी और शैक्षिणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए निर्धारित आरक्षण के अंदर भी आरक्षण लागू किए जाने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया है, संयुक्त मोर्चा इस निर्णय से सहमत नहीं है। कहा कि सरकार को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर ससंद में पुनर्विचार कर विधेयक पास करना चाहिए, ताकि आरक्षण की व्यवस्था यथावत रह सके। प्रदर्शन करने वालों में संयोजक नानकचंद, सीपी सिंह, जयपाल सिंह, सुरेश बिरला, संजय सिंह, दिलीपचंद आर्य, हीरालाल, डॉ जितेन्द्र सिंह बुटोया, बंटी सूर्यवंशी, रविकुमार, देवेन्द्र सिंह, कर्म राम, राव नसीम अहमद, डॉ एमएस अंसारी, मुरारी लाल, धनी लाल शाह आदि मौजूद रहे। वहीं, संयुक्त मोर्चा ने भारत बंद का भी आह्वान किया था, लेकिन दून में इसका असर नहीं दिखा।

### जुलूस-प्रदर्शनों से जाम की हुई शहर की सड़कें

देहरादून। दून में लोगों को जाम से राहत नहीं मिल पा रही है। बुधवार को शहर में बांग्लादेश और एसटी-एसटी आरक्षण के मुद्दे पर विभिन्न संगठनों ने आक्रोश रैलियां निकली। रैलियों के कारण सड़कें जाम हो गई। जिस कारण लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ी। रैली गांधी पार्क और परेड ग्राउंड से शुरू हुईं, जो मुख्य शहर से होते हुए कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। कुछ रैलियां सुबह दस बजे से ही निकलनी शुरू हो गई थी। दोपहर तक सड़कें पैक हो गई थीं। एससी-एसटी महासंघ की रैली परेड ग्राउंड से शुरू हुई। जो एस्लेहॉल चौक, घंटाघर, दर्शनलाल चौक होते हुए तहसील चौक पहुंची, यहां कुछ देर के लिए रैली में शामिल लोगों ने सड़क पर ही धरना दिया, जिससे ट्रैफिक थम गया। इधर, यूकेड़ी और व्यापारियों के जुलूस प्रदर्शनों के चलते भी घंटाघर, दर्शनलाल चौक, चकराता रोड, राजपुर रोड, ईसी रोड, गांधी रोड, तहसील चौक, सहारनपुर चौक में लंबा जाम लगा। जिस कारण वाहन सवार लोगों के साथ ही पैदल चलन वाले लोगों को परेशानी हुई। लोग देर तक जाम में फंसे रहे। एसपी ट्रैफिक मुकेश ठाकुर ने बताया कि धरना-प्रदर्शनों को देखते हुए शहर में पुलिस जवान तैनात किए गए थे। ताकि ट्रैफिक को सुचारू चलाया जा सके। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार ट्रैफिक को डायवर्ट भी किय गया।

# दुग्ध उत्पादकों को बड़ी सौगात, 10 रुपये लीटर मिलेगी सब्सिडी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : जित दूध दही का खाणा, वो सै म्हारा हरियाणा. जहां दूध-दही की बात हो और वहां हरियाणा का नाम ना आए, ये संभव नहीं. अच्छी किस्म और ज्यादा दूध देने वाले पशुओं की बदौलत और प्रदेश सरकार के भरसक प्रयासों के चलते हरियाणा की गिनती देश के अग्रणी दूध उत्पादक राज्यों में होती है. सीएम नायाब सिंह सैनी ने राज्य सरकार ने 78वें स्वतंत्रता दिवस पर कसिानों को बड़ी सौगात दी. सीएम ने 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना' के तहत दूध उत्पादकों व अंत्योदय परिवारों को सब्सिडी राशि वितरित की. साथ ही अंत्योदय परिवारों के सदस्यों के लिए प्रोत्साहन राशि 5 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति लीटर कर दी.

मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 32.51 करोड़ रुपये और वर्ष 2023-24 में 39.37 करोड़ रुपये सब्सिडी के तौर पर किसानों को दिए गए हैं. इस योजना को और आगे बढ़ाते हुए सरकार ने वर्ष 2024-25 के दौरान सब्सिडी राशि की सीमा को 6 महीने से बढ़ा कर 1 साल तक कर दिया है.

इस योजना के तहत हरियाणा के दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपये की प्रोत्साहन राशि अलग से मिलती है. दूध उत्पादन को और बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने इस साल योजना का बजट ढाई गुना बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये किया है. अंत्योदय परिवारों के लिए इसी योजना में 10 रुपये प्रति लीटर बोनस का प्रावधान है. अब दुग्ध उत्पादकों को 6 महीने के बजाय पूरे साल इस योजना का फायदा मिलेगा. बोनस राशि सीधे दुग्ध उत्पादकों के खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इसके अलावा, सीएम ने दुग्ध उत्पादक किसानों हेतु घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा में घरों तक दूध सप्लाई करने वालों का बीमा किया जाएगा. दुग्ध वितरकों को 'प्रधानमंत्री बीमा योजना' के तहत कवर किया जाएगा. दूध की सप्लाई करने वालों का बीमा प्रीमियम राज्य सरकार खुद भरेगी हरियाणा सरकार ने अंत्योदय परिवारों के सदस्यों की प्रोत्साहन राशि 5 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति लीटर कर दी है. यह रकम दुग्ध संघों द्वारा प्रदान की जा रही दूध की कीमत के अतिरिक्त होगी. अंत्योदय परिवार वो होते हैं जिनकी परिवारिक वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होती है।



# इस गोबर की झोपडी के आगे गर्मी और सर्दी बेअसर, यहां से होती है लाखों की इनकम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : 8वीं पास किसान देसी जुगाड़ से मशरूम लगाकर आज घर बैठे लाखों रुपए कमा रहा है. साथ ही इसके लिए दूसरे किसानों को निशुल्क प्रशिक्षण भी दे रहा है. किसान रणवीर सिंह दहिया ने बताया कि खेती में नवाचार करने का युवावस्था से ही शौक रहा है. कुछ साल पहले उसकी बेटी ने उसे फोन कर मशरूम की सब्जी खाने की इच्छा जाहिर की, इस पर वो चूरू आया, लेकिन उसे कही भी मशरूम नहीं मिली. इस पर उसने स्वयं के स्तर पर मशरूम लगाने की सोची।



उन्होंने बताया कि मशरूम को लगाने के लिए कम तापमान की आवश्यकता रहती है, साथ ही इसकी खेती में बहुत अधिक सावधानी रखनी पड़ती है. चूरू जिले में जहां गर्मियों में तापमान 50 डिग्री पार कर जाता है, सर्दियों में माइनस में पहुंच जाता है. ये परिस्थितियां इसकी खेती में एक बहुत चुनौती थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए देसी जुगाड़ तैयार कर खेत में बड़ा झौपड़ा तैयार किया, तापमान नियंत्रण के लिए झोपड़ी के चारों तरफ गोबर का लेप किया. साथ ही पानी के लिए फोगर लगाकर तापमान को मशरूम की खेती के लिए अनुकूल किया गया. उन्होंने बताया कि बटन व ओस्टर सहित आठ प्रकार की मशरूम लगाई गई. बटन मशरूम के लिए 15 से 18 डिग्री व ओस्टर के लिए 25 से 30 डिग्री तापमान अनुकूल माना जाता है।

किसान दहिया ने बताया कि चूरू शहर में कुछ लोग ही मशरूम को खाना पसंद करते थे, ऐसे में पहले साल उत्पादन ठीक होने के बाद भी बिक्री नहीं हुई. बाद में सोशल मिडिया के जरिए प्रचार-प्रसार करने पर खरीद के ऑर्डर आने शुरू हो गए, अब खेती से सालाना करीब दस लाख रुपए तक कमा लेते हैं. उन्होंने बताया कि ओस्टर मशरूम कैंसर रोगियों के लिए काफी फायदेमंद रहती है, वैसे सभी प्रकार की मशरूम खाने से शरीर को फायदा होता है।

उन्होंने बताया कि मशरूम के लिए खाद भी स्वयं ही तैयार करते हैं. दहिया ने बताया कि मशरूम की खेती के दौरान बहुत सावधानी रखनी पड़ती है, नहीं तो फसल नष्ट होने का खतरा रहता है खेती के दौरान उनके अलावा एक श्रमिक ही दवाई देने मशरूम तोड़ने के लिए जाता है।

# महिला हिंसा के विरोध में यूकेडी ने किया प्रदर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को महिलाओं के प्रति बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में होटल द्रोणचौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। केंद्रीय मीडिया प्रभारी एडवोकेट किरन रावत कश्यप ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में दिनों दिन महिलाओं के साथ बलात्कार और हत्या जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है।

उन्होंने कहा कि कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या का मामला राजनीतिक रूप ले चुका है। एक महिला के साथ इतनी दरिंदगी होने के बाद भी बंगाल में सियासी राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा उत्तराखंड में अंकिता हत्याकांड के मामले में अब तक न्याय नहीं मिल पाया। महानगर कार्यकारी अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा अभी हाल ही में रूद्रपुर में भी एक महिला नर्स के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। अब आईएसबीटी में रोडवेज बस में गैंगरेप का मामला सामने आया है। केंद्रीय उपाध्यक्ष रेखा मियां ने कहा सरकार भी इस तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। युवा अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सियासी राजनीति से उपर उठकर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान संरक्षक आनंद प्रकाश जुयाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील ध्यानी, केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रताप कुंवर सिंह, केंद्रीय महामंत्री बृजमोहन सजवान, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, केंद्रीय संगठन मंत्री डीडी पंत, बिपिन रावत, युवा महानगर अध्यक्ष प्रवीण रमोला, निर्मल शाह, विकास भट्ट, भोला प्रसाद चमोली, श्याम सिंह रमोला, गजेंद्र नेगी, सुमित डंगवाल, अशोक नेगी, नीलम नेगी, रीना आदि मौजूद थे।

## अल्मोड़ा में मनाया जाएगा पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

देहरादून। अल्मोड़ा में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अधीन आने वाला केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल एसएसजे विश्वविद्यालय में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। बुधवार को कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट ने बताया कि 22 अगस्त को प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत होगी, 23 अगस्त को कार्यक्रम का समापन होगा. केंद्रीय संचार ब्यूरो की श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट करेंगे।

समापन समारोह में एरीज नैनीताल के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहित जोशी, वैज्ञानिक नवीन जोशी, कर्नल मनोज कांडपाल आदि शामिल होंगे। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आजादी के बाद विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुंचाना है। आपको बता दें कि 23 अगस्त 2023 के दिन चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिण ध्रुव पर सफल लैंडिंग हुई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ का बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। कांग्रेस व्यापार मंडल प्रकोष्ठ ने सोमवार को डिस्पेंसरी चौक पर बढ़ते महिला अपराधों और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने महिला अपराधों को लेकर चिंता जताई। साथ ही आईएसबीटी गैंगरेप के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग रखी और पुतला फूंका। पूर्व विधायक राजकुमार, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा और व्यापार मंडल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आईएसबीटी गैंगरेप, अंकिता भंडारी हत्याकांड के साथ ही रुद्रपुर की महिला नर्स के साथ हुई घटना को मानवता को शर्मसार करने वाली कार दिया। पूर्व विधायक राजकुमार ने भाजपा राज में महिलाएं भय में माहौल में जी रही हैं। अब तक राज्य के पर्वतीय क्षेत्र सुरक्षित माने जाते थे, लेकिन वहां भी अब लगातार जघन्य वारदातें हो रही हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि सरकार पर निशाना साधा कि भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात सिर्फ नारों में करती है और उनकी सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। इस मौके पर निर्वतमान पार्षद रमेश कुमार मंगू, अर्जुन सोनकर, देवेंद्र कौर, एतात खान, अनूप कपूर, जगदीश धीमान, वीरेंद्र बिष्ट, सोम प्रकाश वाल्मीकि, राजेश मित्तल, राजेश उनियाल, आशीष, मनमोहन शर्मा, पीयूष गौड़, मनीष गर्ग, सनी ठाकुर, अजीत सिंह, प्रवीण बांगा मुश्ताक पाली, राजेन्द्र सिंह घई, भूरा, रजत कुमार, इमरान, रिहान, भुवन चंद, प्रियांश छाबड़ा, राजेश पंवार, अशोक मिश्रा अन्य मौजूद रहे।

### डाक चौपाल में दी योजनाओं की जानकारी

देहरादून। डाक विभाग की ओर से बुधवार को घंटाघर स्थित जीपीओ परिसर में डाक चौपाल का आयोजन किया। इसमें आम लोगों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के बारे में बताया गया। प्रवर डाक अधीक्षक जगत सिंह बिष्ट ने बताया कि डाक चौपाल का उद्देश्य डाक विभाग की योजनाओं के जानकारी जनता तक पहुचाने का है। चौपाल में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, डाकघर बचत बैंक और डाक जीवन बीमा-ग्रामीण डाक जीवन बीमा आदि योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके राम प्यारी आर्य इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य उर्वशी, उप प्रधानाचार्य अलका बिजल्वान, व्यापारी नेता हरीश मेहता, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की सीनियर मेनेजर रूबी कुमारी आदि मौजूद रहे।

### पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

देहरादून। सेवानिवृत्त संगठन की बैठक बुधवार को संघ भवन हुई। बैठक में पेंशन से अग्रिम राशिकरण, जून और दिसंबर में रिटायर कर्मचारियों को एक वेतन वृद्धि और गोल्डन कार्ड का लाभ देने आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 30 हजार पेंशनर्स गोल्डन कार्ड से वंचित थे, लेकिन अब उनको चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ मिलने लगा है। इसके लिए संघ सरकार का आभार व्यक्त करता है। इस मौके पर अध्यक्ष चौधरी ओमवीर, संचालन महामंत्री दीपचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश जोशी, डीसी सुन्दरियाल, पीसी खंतवाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार सैनी, अनिल पैन्यूली, सुशील त्यागी, संजय कुमार अग्रवाल, डा. वीके रतूडी, ललीत मोहन उनियाल आदि मौजूद रहे।

### जल संस्थान ठेका कर्मचारियों के उत्पीड़न पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ संगठन के आंदोलन को कांग्रेस ने भी अपना समर्थन दिया। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने नेहरू कालोनी स्थित जल भवन में धरना स्थल पर पहुंच कर ठेका, आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने के साथ ही समान काम का समान वेतन देने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। ठेका कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए गणेश गोदियाल ने कहा कि राज्य में ठेका कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। मौजूदा समय में सभी सरकारी विभागों का पूरा भार ठेका और आउटसोर्स कर्मचारियों ने ही उठा रखा है। जल संस्थान में पूरा सप्लाई सिस्टम यही ठेका कर्मचारी संभाले हुए हैं। दूर दराज के गांवों तक पानी चालू करना हो या लाइनों की मरम्मत, फॉल्ट को दूर करने की जिम्मेदारी इन्हीं की है। बेहद कम वेतन पर इनसे पूरा काम लिया जा रहा है। न इन्हें वाहन भत्ता मिलता है, न ही पर्याप्त वेतन। जो वेतन ठेका कर्मचारियों के लिए विभाग ने तय भी किया है, वो भी ठेकेदार पूरी तरह भुगतान नहीं करते। तीन से छह महीने के अंतराल पर भुगतान किया जाता है, उसमें भी कटौती की जाती है। ईएसआई, ईपीएफ में भी ठेकेदारों की ओर से गड़बड़ी की जाती है। विभाग इन गड़बड़ियों पर पूरी तरह आंखे मूंदे है।कहा कि यदि जल संस्थान मैनेजमेंट की ओर से इन खामियों को ठीक न किया गया, तो कांग्रेस विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलेगी। तत्काल कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

# देश के नामचीन डॉक्टर ने कहा, 'बच्चे के साथ ये सब गलतियां कर रहे हैं पेरेंट्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : खाने के मामले में बच्चे बहुत नखरे दिखाते हैं और अगर उनके आगे कुछ हेल्दी रख दिया जाए, तो मुंह बनाने लग जाते हैं। अमूमन हर मां को यह शिकायत रहती है कि उनका बच्चा खाता नहीं है या पिकी ईटर है। बच्चे को जो चीजें पसंद होती हैं, हर-दूसरे दिन बस वही बनता रहता है।

इस टॉपिक पर पीडियाट्रिशियन इमरान पटेल से एक पोडकास्ट शो पर सवाल किया गया था। अगर आपका बच्चा भी खाना खाने में बहुत नखरे दिखाता है, तो आपको इमरान पटेल की बताई बात जरूर जान लेनी चाहिए। इससे आपको अपने बच्चे को हेल्दी खिलाने में काफी मदद मिलेगी।डॉक्टर इमरान का कहना है कि अगर आप बच्चे की खाने को लेकर हर डिमांड पूरी कर रहे हैं या जो उसे पसंद है, वही खिला रहे हैं, तो वो कभी भी वो चीज नहीं खाएगा जो आप उसे खिलाना चाहते हैं या जो हेल्दी है।

बच्चे के ईटिंग हैबिट्स मां-बाप की ट्रेनिंग पर निर्भर करती हैं। अगर बच्चा पिकी ईटर है, तो इसका मतलब है कि आपसे कोई गलती हो रही है।डॉक्टर ने कहा कि अक्सर जब बच्चा खाना नहीं खाता है, तो उसे दूध पिला देती हैं। उन्हें लगता है कि इस तरह बच्चे के पेट में कुछ तो जाएगा जबकि दूध पर रहने से बच्चे को कब्ज हो सकती है। ये बच्चे चिड़चिड़े रहते हैं और इनमें आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया का खतरा रहता है। ये बच्चे रात को जागकर तीन-तीन बार दूध पीते हैं।बच्चों को हेल्दी खिलाने के लिए डॉक्टर ने कहा कि अगर आपके घर में कोई दूसरा बच्चा है, तो आप उसे हेल्दी चीजें खिलाएं। बच्चे कॉपी करने में माहिर होते हैं। ऐसे में बच्चा खुद हेल्दी खाना मांगने लगेगा। इसके अलावा आप खाने की प्रेजेंटशन पर काम करो और बच्चे के सामने कुछ दिलचस्प और क्रिएटिव परोसें।

बच्चों को खुद से खाना आना चाहिए। डॉक्टर का कहना है कि बच्चों को कम उम्र से ही अपने आप खाना सिखाना चाहिए। बच्चे के लिए सुंदर सी प्लेट लेकर आएं और उसमें उसे खाना परोसकर दें। आप बच्चे को खुद से खाना खाने का मौका दें।

# नशा तगड़ा, लेकिन नाम लेने में लड़खड़ा जाएगी जुबान, गजब हैं इन व्हिस्की के नाम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : स्कॉच व्हिस्की दुनियाभर में प्रसिद्ध है. शराब पसंद करने वाले कई लोग व्हीस्की पसंद करते हैं. इसका नाम प्राचीन स्कॉटिश डिस्टिलरी से आया है, जिनके नाम गेलिक भाषा में हैं. कई व्हीस्की के नाम तो ऐसे हैं जिन्हें बोलने में ही आपके पसीने छूट जाएंगे. कई लोग व्हीस्की के इन ब्रांड्स के नामों का उच्चारण भी करते हैं तो वो सही उच्चारण नहीं कर पाते. चलिए व्हिस्की के उन्हीं फेमस ब्रांड्स के बारे में जानते हैं। व्हीस्की के नामों में ये सबसे आसान में से एक है, हालांकि इसका उच्चारण भी कई लोगों को कठिन लगता है. कहा जाता है कि ये गेलिक शब्द से लिया गया है जिसका मतलब है 'चौड़ी खाड़ी के किनारे सुंदर खोखला स्थान', इसका उच्चारण लीपफ्रॉग या लॉफ्रैग नहीं, बल्कि ला-फ्रॉय-जी है। लोकप्रिय आइस्ले ड्राम्स में से एक, ब्रुइक्लाडिच उन लोगों के लिए बहुत छोटा विकल्प है जो अपनी व्हिस्की में थोड़ी कम पीट की तलाश में हैं. आइस्ले के जंगली रिंस में पाया जाने वाला पक्षी, दो गेलिक शब्दों 'ब्रुडच' (ब्रे) और 'च्लाडच' (तट) से मिलकर बना है। ग्लेन गैरिओच व्हीस्की कई लोगों की पसंद है लेकिन इसका उच्चारण करना बहुत कठिन लगता है. हालांकि इसका नाम सुनने में काफी आकर्षक लग सकता है लेकिन वास्तव में इसका उच्चारण ग्लेन गी-री है , जो स्थानीय डोरिक बोली से लिया गया है.

इस लोकप्रिय लोलैंड व्हिस्की का नाम अक्सर वो लोग तोड़-मरोड़ कर बोलते हैं, जो इसका नाम बोलने के आदी नहीं हैं. गेलिक 'अचाध एन ओइसीन' से बना है, जिसका मतसब है 'क्षेत्र का कोना', औचेंटोशन का उच्चारण ओच लोच में-एन-तोश-एन के रूप में किया जाता है.आइस्ले के उत्तरी भाग में स्थित इस लोकप्रिय छोटी शराब बनाने वाली फैक्ट्री का नाम गेलिक 'बुन ना एच-अभैन' से लिया गया है जिसका मतलब है 'नदी का मुहाना'. इसका उच्चारण बु-ना-हा-वेन है. इसका उच्चारण करना कई लोगों के लिए करना कठिन होता है.

# अल्मोड़ा में बड़े स्तर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की तैयारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




अल्मोड़ा 22 अगस्त : अल्मोड़ा में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को जोर शोर से मनाने की तैयारी है. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अधीन आने वाला केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल एसएसजे विश्वविद्यालय में 2 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है. कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट ने मीडिया को बताया कि 22 अगस्त से प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है . 23 अगस्त को कार्यक्रम का समापन होगा।

केंद्रीय संचार ब्यूरो की श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सतपाल बिष्ट करेंगे. समापन समारोह में एरीज नैनीताल के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहित जोशी, वैज्ञानिक नवीन जोशी, कर्नल मनोज कांडपाल सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

कार्यक्रम के संयोजक भास्कर जोशी ने बताया कि पूर्व प्रचार के तहत प्रेस कांफ्रेंस के साथ साथ अल्मोड़ा इंटर कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल में शिक्षार्थियों के साथ अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धि पर संवाद किया गया. दृश्य कला संकाय परिसर में शामिल होने जा रहे प्रतिभागियों के बीच निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिताओं कर साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा.

क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आजादी के बाद विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुंचाना है. आपको बता दें कि 23 अगस्त 2023 के दिन चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिण ध्रुव पर सफल लैंडिंग हुई थी.

## संक्षिप्त खबरें

### पहाड़ के ठेकेदारों ने बड़े टेंडरों के खिलाफ खोला मोर्चा

देहरादून। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों ने राज्य में विकास कार्यों के बड़े- बड़े टेंडर किए जाने व उन्हें बाहरी लोगों को दिए जाने का विरोध किया। बुधवार को ठेकेदारों के संगठन देव भूमि ठेकेदार कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने गैरसैंण में कैबिनेट मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष और भाजपा, कांग्रेस के विधायकों से मुलाकात कर ज्ञापन दिए और इस समस्या को विधानसभा में उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस वजह से राज्य के सथनीय युवाओं को काम नहीं मिल रहा और बेरोजगारी की समस्या पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वजह से खास तौर पर पहाड़ से पलायन बढ़ रहा है। देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह पुंडीर और महामंत्री राजेंद्र सिंह कुंवर ने कहा कि राज्य सरकार लोनिवि में 10 करोड़ से बड़े टेंडर कर रही है। इस वजह से स्थानीय ठेकेदार निविदा भर ही नहीं पा रहा है। कहा कि राज्य में ठेकेदारों के हितों को देखते हुए बड़े टेंडरों की बजाय एक करोड़ और उससे छोटे टेंडर किए जाएं। कहा कि स्थानीय ठेकेदारों को काम मिलने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधरने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने विकास कार्यों के टेंडर छोटे करने के साथ ही ठेकेदारों का बकाया भुगतान करने की भी मांग उठाई। इस दौरान ठेकेदार कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, धन सिंह रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ ही कई विधायकों से मुलाकात की।

### पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

देहरादून। सेवानिवृत्त संगठन की बैठक बुधवार को संघ भवन हुई। बैठक में पेंशन से अग्रिम राशिकरण, जून और दिसंबर में रिटायर कर्मचारियों को एक वेतन वृद्धि और गोल्डन कार्ड का लाभ देने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि 30 हजार पेंशनर्स गोल्डन कार्ड से वंचित थे, लेकिन अब उनको चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ मिलने लगा है। इसके लिए संघ सरकार का आभार व्यक्त करता है। मौके पर अध्यक्ष चौधरी ओमवीर, महामंत्री दीपचंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश जोशी, डीसी सुन्दरियाल, पीसी खंतवाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार सैनी, अनिल पैन्यूली, सुशील त्यागी, संजय कुमार अग्रवाल, डॉ. वीके रतूडी, ललित मोहन उनियाल आदि मौजूद रहे।

### 700 की खरीदारी पर लैपटॉप गिफ्ट देने का झांसा दे 90 हजार ठगे

देहरादून। 700 रुपये की ऑनलाइन खरीदारी पर महिला को लैपटॉप गिफ्ट देने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 90 हजार रुपये ठग लिए। महिला की तहरीर पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि अनुष्का सिंह निवासी मोहनपुर की शिकायत पर केस दर्ज किया गय है। अनुष्का का कहना है कि उन्होंने एक ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल देखा। उस पर 700 रुपये में तीन सामान ऑर्डर किए। बीते 10 अगस्त को पीड़िता को एक अनजान नंबर से एक फोन आया। उसने आर्डर किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी के लकी ग्राहक होने के कारण उनको लैपटॉप गिफ्ट दिया जा रहा है। इसके लिए 500 रुपये की शॉपिंग करने को कहा। शॉपिंग की रकम गूगल पे के जरिए अपने बताए वॉलेट में डालने को कहा। इसके बाद महिला को झांसे में लेकर साइबर ठगों ने 90 हजार रुपये जमा करा लिए गए। पुलिस मामले में केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### गैरसैंण में होगा उक्रांद का वार्षिक अधिवेशन

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल का वार्षिक अधिवेशन 15 और 16 सितंबर को भुवनेश्वरी महिला आश्रम गैरसैंण में होगा। बुधवार को केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने वार्षिक अधिवेशन का ऐलान करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत किए जाने को नए सिरे से रणनीति बनेगी। धरातल पर जाकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाया जाएगा। निकाय, पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने कहा कि राज्य के मौजूदा हालात ऐसे हैं, जहां पहाड़ के लोगों की आवाज नहीं सुनी जा रही है। उनके हल हकूकों पर डाका डाला जा रहा है। उन्हें उनके घर में ही कमजोर किया जा रहा है। उनसे उनके जल, जंगल, जमीन का अधिकार छीना जा रहा है। आम लोगों के इन अधिकारों के लिए उक्रांद आवाज बुलंद करेगा। गांव गांव जाकर लोगों में अलख जगाई जाएगी। मूल निवास 1950 और मजबूत भू कानून की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियों को मजबूत किया जाएगा। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को रणनीति बनेगी। निकाय और पंचायत चुनाव को मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। इन चुनावों के जरिए उक्रांद को लोकतंत्र के पहले पायदान से ही मजबूत किया जाएगा। ताकि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव तक पार्टी मजबूत स्थिति में आ सके। दोनों राष्ट्रीय दलों के मजबूत विकल्प के रूप में उक्रांद तैयार होगा।

# वीसी बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में MDDA आईएसबीटी की व्यवस्थाओं में तेजी से कर रहा है सुधार

## विगत एक वर्ष पूर्व रेमकी कंपनी से isbt का संचालन लेने के बाद से लगातार सुधारी जा रही हैं तमाम व्यवस्थाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 22 अगस्तः Isbt देहरादून में व्यवस्थाओं को सुधारने में एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में पूरी टीम तन्मयता से जुटी है। विगत एक वर्ष पूर्व रेमकी कंपनी से isbt के संचालन का जिम्मा लेने के बाद से लगातार प्राधिकरण द्वारा isbt की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कई कार्य कराए जा चुके हैं जबकि कई नवीन कार्य किये जा रहे हैं।

एमडीडीए द्वारा पिछले एक वर्ष में यहां पर लगभग 12 से 15 करोड़ की लागत से कार्य किये गए हैं जिनमें प्रवेश व निकास द्वार पर महाराणा प्रताप अंतरराज्यीय बस अड्डा अंकित करने के साथ ही परिसर में 35 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। विगत दिनों isbt परिसर में हुई वारदात के खुलासे में उक्त कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा सड़कों व फुटपाथ के रेनोवेशन कार्य, दुकानों पर फसाड, isbt एसटीपी का जीर्णोद्धार, बोरवेल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, परिसर के ड्रेनेज सिस्टम को




दुरुस्त करने के साथ ही पार्किंग व फुटपाथ पर इंटर लॉकिंग टाइल्स, शौचालय के जीर्णोद्धार के अलावा पिंक शौचालय का निर्माण कराया गया है। वहीं, मुख्य भवन के रंगाई पुताई, उद्यान अनुभाग द्वारा यहां के पार्कों के जीर्णोद्धार के अलावा नए पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। आने वाले दिनों में यहां पर दुकानों व डोरमेट्री के नवीनीकरण, सिटी जंक्शन मॉल के जीर्णोद्धार, चारबाग रेलवे स्टेशन लखनऊ की तर्ज पर निर्माण कार्य व छत में डोम निर्माण के कार्य प्रस्तावित हैं। यहां पर कियोस्क प्लाजा का भी निर्माण




किया जा रहा है।

**प्राधिकरण के लगाए कैमरों से आसान हुई पुलिस की राह :** प्राधिकरण द्वारा परिसर में लगाये गये CCTV कैमरों व सुरक्षा कर्मियों की सूझबूझ एवं कर्मियों द्वारा अपराधियों की शिनाख्त करते हुए उन्हें चिन्हित किया गया जिससे अपराधियों को पकडने में पुलिस प्रशासन को सहायता मिली व साक्ष्य के तैर पर प्राधिकरण द्वारा पुलिस प्रशासन को कार्यलय में CCTV हेतु लगे DVR की सम्पूर्ण Hard disk भी उपलब्ध करा दी गयी है।

## डीएम सोनिका ने ग्राम पंचायत के पुनर्गठन एवं परिसीमन हेतु प्राप्त प्रस्तावों के सम्बन्ध प्राप्त दावे आपत्तियों को सुना

देहरादून । जिलाधिकारी सोनिका ने आज जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में ग्राम पंचायत के पुनर्गठन एवं परिसीमन हेतु प्राप्त प्रस्तावों के सम्बन्ध प्राप्त दावे आपत्तियों को सुना। जिलाधिकारी ने विकासखण्ड कालसी अन्तर्गत ग्राम पंचायत दोऊ-खेरवा, सहसपुर अन्तर्गत छरबा, रायपुर अन्तर्गत ग्राम रैनीवाला-खैरीमानसिंह, शेरागांव-कैरवान करनपुर, सौड़ा के मजरा बनगांव, विकासखण्ड चकराता के राजस्व ग्राम मैपावटा के ग्रामवासी से ग्रामों की परिसीमन से सम्बन्धी आपत्तियों के सम्बन्ध में दोनो पक्षों को सुना।

इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र की समस्या स भी जिलाधिकारी को अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, खण्ड विकास अधिकारी रायपुर अर्पणा बहुगुणा, खण्ड विकास अधिकारी कालसी, सहसपुर, चकराता सहित सम्बन्धित ग्राम सभा के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

रुड़की । राजा महेंद्र प्रताप इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर बुधवार से तीन दिवसीय अंडर 17, 19 तथा 21 आयू वर्ग बालक एंव बालिका की ब्लॉक स्तरीय मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना प्रतियोगिता बुधवार को प्रारंभ हुई। जिला खेल विभाग हरिद्वार के संरक्षण में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मेराज अहमद व विद्यालय के प्रधानाचार्य आर्यावर्त चौधरी मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों ने 800 मी वर्टिकल जंप,मेडिसिन बॉल, 30 मी फ्लाइंग रन तथा शटल रन परीक्षण शारीरिक चयन में भाग लिया।

# इन कपड़ों को पहनकर न चलाएं कार, वर्ना ट्रैफिक पुलिस का कैमरा भेज देगा हजार रुपये का चालान


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : तकनीक से कई काम आसान हो गए हैं. उन्नत होती तकनीक समय, श्रम और पैसे सबकी बचत में मददगार साबित हो रही है. हालांकि, तकनीक के चलते कुछ गड़बड़ियां भी सामने आ रही हैं. उदाहरण के लिए ट्रैफिक के नियमों से जुड़े इन मामलों को देख लीजिए, जहां नियमों का पालन करने के बाद भी लोगों के चालान कट जा रहे हैं.

देश में ट्रैफिक पुलिस कानून का सही से पालन कराने के लिए बड़े पैमाने पर एआई से लैसे कैमरे का इस्तेमाल कर रही है. भारत के सिलिकॉन वैली नाम से मशहूर बेंगलुरु में तो टेक का इस्तेमाल स्वाभाविक है. कर्नाटक में बेंगलुरु व मैसूर समेत कई शहरों में ट्रैफिक पुलिस एआई कैमरे का इस्तेमाल कर रही है. एआई कैमरे ने ट्रैफिक पुलिस के लिए नियमों का पालन कराना आसान बना दिया है।

सही लेन में ड्राइव करना हो, हेलमेट लगाकर बाइक चलाना है, गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट लगाना हो, ऐसे कई मामलों में कैमरे ने काम को आसान किया है. एआई सर्विलांस कैमरे के डर से लोग इन नियमों का अच्छे से पालन कर रहे हैं, क्योंकि उल्लंघन होते ही कैमरे में तस्वीर आ जाती है और चालान कट जाता है, जिससे हजारों रुपए की चपत लग जाती है।

बेंगलुरु में एक आईटी कंपनी में काम कर



रहे केशव किसलय को AI तकनीक के कारण परेशानी उठानी पड़ गई. एक दिन वह निकले और ट्रैफिक पुलिस के कैमरे ने तस्वीर निकालकर चालान काट दिया. चालान आया सीटबेल्ट नहीं पहनने का. अब केशव हैरान कि वह तो हमेशा ही सीटबेल्ट लगाकर चलते हैं. उस दिन भी सीट बेल्ट लगाए हुए थे. फिर भी उनका चालान कैसे कट गया?

दरअसल उस दिन उन्होंने ब्लैक कलर की टी-शर्ट पहनी हुई थी. टी-शर्ट का कलर ब्लैक होने के चलते कैमरे को सीटबेल्ट का पता नहीं चल पाया. इस कारण केशव का चालान कट गया. उन्होंने इस मामले को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उठाया. बेंगलुरू ट्रैफिक पुलिस ने मामला संज्ञान में आने के बाद ईमेल के जरिए शिकायत बताने को कहा. जब केशव ने सारे डिटेल्स ई-मेल की, तो 5-6 दिनों बाद उनका पेंडिंग चालान निरस्त हो गया.यह इस तरह का अकेला मामला नहीं है. इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट बताती है कि कर्नाटक में खासतौर पर बेंगलुरु और मैसूर जैसे शहरों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं. फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कई यूजर्स ने अपने साथ हुई ऐसी घटना की कहानी शेयर की है. सभी कहानियों में एक बात कॉमन है कि यूजर ने गाड़ी चलाते समय डार्क कलर की शर्ट या टी-शर्ट पहनी हुई थी.

अच्छी बात है कि इस दिक्कत से अथॉरिटी अनजान नहीं है. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में बेंगलुरू के एडिशनल ट्रैफिक कमिश्नर एन अनुचेत इस परेशानी को स्वीकार करते हैं. हालांकि, वह दावा करते हैं कि बेंगलुरु में अब ऐसा नहीं हो रहा है. बकौल कमिश्नर, जहां तक बेंगलुरु की बात है, हमने दिसंबर 2023 से इस परेशानी को दूर कर दिया है. हम मैनुअली चेक करने के बाद ही चालान इश्यू कर रहे हैं. हालांकि केशव के साथ चालान कटने का मामला दिसंबर 2023 के 6 महीने बाद जून के अंत का है.

## संक्षिप्त खबरें

### आरआईएमसी के पास नाले में मिला अधेड़ का शव

देहरादून। शनि मंदिर आरआईएमसी के पास नाले में बुधवार को अधेड़ का शव मिला। मृतक की शिनाख्त होने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इंस्पेक्टर कैंट केसी भट्ट ने बताया कि नाले में व्यक्ति के अचेत पड़ा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अचेत व्यक्ति को अस्पताल भिजवाया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया। मृतक की शिनाख्त श्याम खत्री उम्र 16 वर्ष के रूप में उसके पिता सिंह बहादुर ने की। पुलिस के मुताबिक मृतक शराब पीने का आदी था। नशे की लत के कारण उसकी पत्नी और बच्चे 16 वर्ष पहले छोड़कर चले गए। संभावना है कि मंगलवार रात भी शराब पीने को घर से निकाला और वापस नहीं लौटा।

### दून स्कूल के सामने घर के ऊपर गिरा विशालकाय पेड़, 6 घायल

देहरादून। दून स्कूल के पास माल रोड से सटे मकान पर बुधवार तड़के करीब तीन बजे एक विशालकाय पेड़ गिर गया। घटना के समय घर के भीतर सो रहे छह लोग इसकी चपेट में आ गए। जिन्हें इलाज के लिए दून अस्पताल ले जाया गया। परिवार के सदस्य दीपक ने बताया कि यदि रक्षा संपदा कार्यालय ने उनकी शिकायत का संज्ञान लिया होता तो इस घटना को टाला जा सकता था। उनके पिता व दून स्कूल के कर्मचारी भूपेंद्र चंद्र को गंभीर चोटें आई हैं। जबकि माता, तीन बहनें और एक बच्ची चोटिल हुए हैं। उन्हें पड़ोसियों ने घर से बाहर निकालने में मदद की। चिकित्सकों ने बताया कि दून अस्पताल में पौने चार बजे छह लोगों को लाया गया। इमरजेंसी के रात्रि ड्यूटी ईएमओ डॉक्टर मुकेश उपाध्याय ने बताया कि 59 वर्षीय भूपेंद्र को रेफर किया गया है। उनके छाती, कोलर बोन, कमर और रिप्स में कई फ्रेक्चर थे। सिर में भी गंभीर चोट है। उनकी एक्सरे, सिटी स्कैन और ड्रेसिंग की गई। बाकी पांच में दो साल की बच्ची किंजल, पचास वर्षीय रमा देवी के सिर पर चोट आई हैं। पैंतीस वर्षीय नीमा, 36 वर्षीय गीता, बाइस वर्षीय तनु को आंशिक चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद परिवार के पांच सदस्यों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### मां की हत्या करने वाला आरोपी बेटा पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिद्वार। पथरी थाना क्षेत्र के गांव धनपुरा में नशे की लत के चलते मां की हत्या के आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नशे की लत के कारण परिवार वालों से जमीन अपने नाम कराने के लिए भी दबाव बना रहा था, जबकि परिजन मना कर रहे थे। पुलिस ने आरोपी बेटे को रविदास मंदिर पदार्था से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धनपुरा निवासी बीस वर्षीय सावन कुमार ने मंगलवार को अपनी मां कमलेश (50) पत्नी सूरजभान के सिर पर फावड़े तथा डंडे से हमला कर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी युवक शव को टॉयलेट के अंदर डालकर घर से भाग निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई तो सामने आया कि आरोपी सावन स्मैक का नशा करता था और घर की भूमि नाम करने के लिए घर वालों पर दबाव बना रहा था।

### वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वित्तीय साक्षरता का होना अहम : डॉ. भटनागर

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रोजेक्ट गौरव के तहत कार्यशाला के दूसरे दिन के तकनीकी सत्र में छात्रों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), विभिन्न बीमा योजनाओं तथा शेयर बाजार के बारे में बताया गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की ओर से आए विषय विशेषज्ञ डॉ. अंकुर भटनागर ने बताया कि वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वित्तीय साक्षरता का होना अहम है। वित्तीय साक्षरता जनमानस को निर्णय लेने, वित्तीय योजना बनाने तथा ऋण प्रबंधन में कारगर साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत में केवल 27 प्रतिशत आबादी ही वित्तीय रूप से साक्षर है। इसके चलते एक बड़ी संख्या में लोगों को वित्तीय प्रबंध करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं।

# भारत की इस खूबसूरत जगह को कभी फिरंगियों ने बसाया था, अब विदेशी को यहां पैर रखने की इजाजत नहीं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : उत्तराखंड को धरती का स्वर्ग कहा जाता है. नेचर लवर्स के लिए यहां पर देखने के लिए काफी कुछ है. उन्हीं में से एक जगह है चकराता . इस जगह को ब्रिटिश काल में फिरंगियों ने बसाया था, आज ये एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जहां पर सिर्फ भारतीय लोगों को ही घूमने की इजाजत है. कोई भी विदेशी पर्यटक यहां पैर नहीं रख सकता. आइए आपको बताते हैं इस खूबसूरत जगह से जुड़ी दिलचस्प बातें।

ब्यूरो रिपोर्ट 22 अगस्त : उत्तराखंड को धरती का स्वर्ग कहा जाता है. नेचर लवर्स के लिए यहां पर देखने के लिए काफी कुछ है. उन्हीं में से एक जगह है चकराता . इस जगह को ब्रिटिश काल में फिरंगियों ने बसाया था, आज ये एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जहां पर सिर्फ भारतीय लोगों को ही घूमने की इजाजत है. कोई भी विदेशी पर्यटक यहां पैर नहीं रख सकता. आइए आपको बताते हैं इस खूबसूरत जगह से जुड़ चकराता को 1866 में अंग्रेजों ने बसाया गया था. अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के उच्च अधिकारी गर्मियों की छुटियों के दौरान यहां अपना समय बिताने आते थे. 1869 में ब्रिटिश सरकार ने इसे कैंट बोर्ड के अधीन कर दिया. यहां से चीन की दूरी बेहद ही कम है. साल 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद यहां तिब्बती यूनिट जमा हो गई थी. ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से यहां किसी भी विदेशी सैलानी एंट्री को पूरी तरह से बैन कर दिया गया. अब यहां पर इंडियन आर्मी का कैंप है. ऐसे में सिर्फ भारतीय नागरिक ही यहां घूमने जा सकते हैं. अगर कोई विदेशी जबरन यहां पर आने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाता है.

चकराता को लेकर कहा जाता है कि ये ऐसी जगह है जहां प्रदूषण न के बराबर है. नेचर लवर्स के लिए ये जगह किसी जन्नत से कम नहीं. यहां आपको कई खूबसूरत झरने और पर्यटन स्थल मिल जाएंगे. इसके अलावा आप यहां ट्रेकिंग का भी मजा ले सकते हैं. देववन से चकराता का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है. सर्दियों के दौरान बर्फ से ढके हिमालय पर्वत भी देखने को मिलेंगे. चकराता से देववन आप गाड़ी के जरिए जा सकते हैं या कानसार से ट्रेकिंग भी कर सकते हैं.अगर आप प्रकृति के बीच सूर्यास्त के खूबसूरत नजारे का लुत्फ लेना चाहते हैं तो आपको चकराता से चिरमिरी जाना पड़ेगा. ये जगह चकराता से करीब 4 से 5 किलोमीटर दूर है. यहां सूर्यास्त का मनोरम दृश्य इतना खूबसूरत होता है कि आप उस अनुभव को भूल नहीं पाएंगे.कैंपिंग और रिवर राफ्टिंगअगर आप कैंपिंग और रिवर राफ्टिंग का मजा लेना चाहते हैं तो इसके लिए आपको कनासर जाना होगा. यहां आपको लग्जरीअस टेंट की सुविधा मिल जाएगी. साथ ही आप अपने टेंट लेकर भी जा सकते हैं. इसके अलावा आप यहां रिवर राफ्टिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, प्रकृति की सैर और झरना रैपलिंग जैसी एक्टिविटीज का मजा भी ले सकते हैं.टाइगर फॉलचकराता में आप टाइगर फॉल का आनंद ले सकते हैं. ये उत्तराखंड का सबसे ऊंचा झरना है और यहां का मुख्य आकर्षण है. इसे देखने के लिए दूर-दूर से यहां आते हैं. वहीं जमुना एडवेंचर पार्क, बुधेर गुफा आदि में भी घूमने के लिए जा सकते हैं.कैसे पहुंचें चकराताआप सड़क मार्ग, रेल मार्ग और हवाई मार्ग आदि से चकराता तक पहुंच सकते हैं. नजदीकी जगह देहरादून है यानी आपको पहले देहरादून जाना होगा. देहरादून पहुंचने के बाद आप गाड़ी या टैक्सी के जरिए चकराता जा सकते हैं.

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं को लोकल उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित किया

रुद्रप्रयाग। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा 25 प्रशिक्षणार्थियों को होममेड अगरबत्ती मेंकिग का प्रशिक्षण दिया गया। जवाड़ी गांव में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं को लोकल उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रभारी खंड विकास अधिकारी जखोली सुरेश शाह ने महिलाओं के कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही उन्हें इस क्षेत्र में और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आरसेटी के निदेशक किशन सिंह रावत द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों को आरसेटी द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण एवं स्वरोगार के अवसर दिए जा रहे हैं, वे इसका बेहतर लाभ उठाएं। लीड बैंक मैनेजर चत्तर सिंह द्वारा बैंकिग, प्रोजेक्ट रिपोर्ट लघु उद्यम में कार्यशील पूंजी और स्थायी पूंजी के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण भविष्य में रोजगारपरक एवं पलायन रोकने में मील का पत्थर साबित होंगे। प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग, लेखांकन व बैंकिंग से संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पिरुल की राखियां, गोबर के दीये, गोबर की धूप, हवन सामग्री की बाजार में मांग के बारे में समझाया गया।

## संपादकीय



# कहां जाएं बेटियां-बहनें

प्रख्यात क्रिकेटर सौरव गांगुली को भी विरोध-प्रदर्शन के लिए सडक़ पर उतरना पड़ा है। पत्नी डोना गांगुली भी उनके साथ होंगी। उन्हें बर्बर बलात्कार, महिलाओं पर अत्याचार और कार्यस्थलों पर असुरक्षा सरीखे मुद्दों पर विरोध जताना पड़ा है, क्योंकि सौरव-डोना भी एक बेटी के माता-पिता हैं। इधर कुछ घटनाओं ने उनकी आत्मा को झकझोर दिया है। सर्वोच्च अदालत में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों की पीठ कोलकाता रेप-मर्डर कांड की सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च अदालत ने इस कांड का स्वतः संज्ञान लिया है। बंगाल सरकार और पुलिस को खूब फटकार लगाई है और उनकी भूमिका पर कई सवाल उठाए हैं। सरकारें बड़ी मोटी खाल की होती हैं। फटकार का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। बेशक संदर्भ कोलकाता अस्पताल में एक युवा ट्रेनी डॉक्टर के साथ बर्बर बलात्कार और बाद में हत्या का है, लेकिन शीर्ष अदालत का सरोकार राष्ट्रीय है। खासकर अस्पतालों में महिला डॉक्टर और नर्स आदि कैसे सुरक्षित रहें, इसके मद्देनजर एक टास्क फोर्स बनाने और अस्पतालों की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने के महत्वपूर्ण फैसले सुनाए गए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी देशवासियों की आत्मा में लगातार गूंजती रहनी चाहिए कि बदलाव के लिए देश एक और दुष्कर्म और हत्या का इंतजार नहीं कर सकता। टास्क फोर्स को अपनी अंतरिम रपट तीन सप्ताह में देनी है और अंतिम रपट दो माह की अवधि में देनी है। फोर्स महिला सुरक्षा के उपाय सुझाएगी। गौरतलब यह है कि 'निर्भया कांड' के एक साल बाद पूर्व प्रधान न्यायाधीश जस्टिस जेएस वर्मा की अध्यक्षता में सख्त 'पॉक्सो एक्ट' बनाया गया। उसके बाद 'पॉश' (प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरासमेंट ऑफ वूमन एट वर्कप्लेस) एक्ट बनाया गया। फांसी की सजा का प्रावधान रखा गया। क्या इन कानूनों ने बलात्कारियों को डराया? हमारी व्यवस्था में कई विसंगतियां हैं। करीब 2.43 लाख केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में लंबित पड़े हैं। इनमें पॉक्सो केस भी हैं। हर रोज बलात्कार के केस आ रहे हैं और सरकारें फास्ट ट्रैक कोर्ट के आश्वासन देती रहती हैं। पीड़िता को इंसाफ मिलना बहुत दूर की कौड़ी है। बहरहाल अब मौजूदा संदर्भ में सर्वोच्च अदालत के अंतिम फैसले की प्रतीक्षा है, लेकिन आदमी की 'पाशविक हवस' अब दरिंदगी की हदें भी पार कर चुकी है। हम बलात्कारियों, हत्यारों को इनसान नहीं मान सकते, वे 'जानवर' से भी अधिक खौफनाक हैं। अब हालात ये बन गए हैं कि बेशक बेटी 3-4 साल की हो और स्कूल जाना शुरू ही किया हो। बेटी बड़ी होकर कॉलेज में पढ़ती हो अथवा गहन पढ़ाई करके डॉक्टर बनी हो और एक सरकारी अस्पताल में कार्यरत हो। बेटी कहीं जाने के लिए राज्य परिवहन की बस में बैठी हो या बाजार में किसी काम से गई हो। उम्र 60 पार कर चुकी हो और विधवा महिला हो! अब ऐसी बेटियां, नाबालिग या बालिग लड़कियां अथवा उम्रदराज विधवा महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। वे सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हो रही हैं। आखिर यह देश कैसा बन गया है? कोई भी राज्य इन जघन्य, बर्बर अपराधों से अछूता नहीं है। अभी तो सर्वोच्च अदालत के सामने वे ही तथ्य और आंकड़े आएंगे, जो पुलिस ने दर्ज किए होंगे। जिन्हें डर, खौफ के कारण दर्ज नहीं कराया गया अथवा पुलिस ने टालमटोल कर अपराध पर मिट्टी डाल दी, उन अपराधों का संज्ञान कौन लेगा? 2012 के नई दिल्ली के 'अमानवीय' निर्भया कांड के बाद भी 3.33 लाख बलात्कार किए गए हैं, जबकि 1971-2022 के लंबे कालखंड में 8.23 लाख बलात्कार के केस दर्ज किए गए थे। बलात्कार किस गति और अनुपात से बढ़ रहे हैं, आश्चर्य होता है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## महिलाओं ने 14 सूत्रीय मांग को लेकर नगर में निकाला जलूस कांग्रेसियों ने भी किया मांग का समर्थन

चमोली। व्यापार संघ महामंत्री मुकेश ढौडियाल के संचालन में हुई बैठक में सारकोट महिला मंगल दल अध्यक्ष सरोजनी देवी ने कहा कि विधानसभा परिसर के पास में होने के बाद भी गांव पानी की किल्लत से जूझ रहा है। महिला मंगल दल अध्यक्ष मठकोट सरिता देवी ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए महिलाओं को बार-बार तहसील मुख्यालय आना पड़ रहा है। महिला मंगल दल गांवली की खिमुली देवी ने कहा कि महिलाओं ने राज्य आंदोलन बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## कर्णप्रयाग में बारिश से लोग हुए बेहाल

चमोली। मंगलवार रात दस बजे से कर्णप्रयाग में तेज बारिश शुरू होते ही लोग दहशत में आ गए। रात करीब दो बजे ऐंड गांव के पास से आने वाले गदेरे से जैसे ही सुभाषनगर के लोगों ने पानी और मलबे की आवाज सुनी तो घरों के बाहर निकल गए। गदेरे के आसपास सड़क किनारे खड़े अपने वाहनों को हटाने लगे। इस दौरान सुभाषनगर में कुंवर सिंह राणा का वाहन मलबे की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, अपर बाजार में पार्किंग में खड़ी एक कार पत्थर की चपेट में आ गई। सुभाषननगर में सुभाष चमोली के घर के पास भू-धंसाव हुआ। अपर बाजार में सुभाष गैरोला के मकान का पुश्ता टूट गया।

## विधानसभा कूच को प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प

चमोली। गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान बुधवार को अलग अलग संगठनों ने मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन और उपवास किया। वन पंचायत संगठन के कैलाश खंडूड़ी के नेतृत्व में वन पंचायत सरपंच जब गैरसैंण (भराड़ीसैंण) विधानसभा भवन कूच के लिए आगे बढ़े तो जंगलचट्टी में पुलिस ने बैरिकेडिंग पर उन्हें रोक दिया। यहां प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर बैरिकेडिंग पर धरना दिया। इसके बाद विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार दिवालीखाल पहुंचे। विधानसभा सभा सत्र में मूल निवास नीति तय करने के लिए सरकार से मांग कर रहे मूल निवास संगठन के संयोजक मोहित डिमरी के नेतृत्व में आए युवाओं और आन्दोलनकारियों ने भी प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने से ग्रामीण परेशान

पौड़ी। शहर से सटे बिचली रांई गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बुधवार को जल संस्थान के अफसरों को ज्ञापन देकर जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग उठाई है। कहा कि जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को बिचली रांई के मनमोहन सिंह ने जल संस्थान कार्यालय में पेयजल आपूर्ति सुचारु करने को लेकर ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वार्ड न.11 के बिचली रांई में बीते लंबे समय से पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। कहा कि इससे पूर्व भी संबंधित विभाग को समस्या से अवगत करवाया गया लेकिन विभाग ने कोई कदम नहीं उठाए। कहा कि जल्द ही पेयजल आपूर्ति की समस्या हल नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में जसपाल, जगदीश, सुशीला, रमेशचंद्र, विजयप्रकाश, दीपक, अनुसूया प्रसाद आदि के नाम शामिल थे।

### वरिष्ठ नागरिकों को अधिकारों के लिए किया जागरूक

पौड़ी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के द्वारा बुधवार को सतपुली में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार से संबंधित विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों सहित आम लोगों को वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जिला प्राधिकरण के सचिव सीनियर जज अकरम अली ने कानूनी अधिकारों, सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर है, जिनका सम्मान करना हमारा नैतिक, विधिक एवं सामाजिक दायित्व है। अधिवक्ता विनोद कुमार ने सीनियर सिटीजन के आमजन के कानूनी अधिकारों, मूलभूत कर्तव्यों एवं स्थाई लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। सतपुली तहसील के उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल ने कहा कि सभी आम नागरिकों के साथ विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि सीनियर सिटीजन का सम्मान करने के साथ ही उन्हें कानूनी सहायता के बारे में भी अवगत कराया जाय। उन्होंने सीनियर सिटीजन की देखभाल के लिए रखे गए बाहरी लोगों का सत्यापन कराने की बात कही। इस अवसर पर पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, विनोद सिंह, थानाध्यक्ष दीपक तिवाड़ी, थमेस्वर प्रसाद कुकरेती, बलबीर सिंह आदि शामिल रहे।

### हरीश रावत ने सरकार पर गैरसैंण की उपेक्षा का आरोप लगाया

चमोली। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सरकार पर गैरसैंण की उपेक्षा का आरोप लगाया। बुधवार को पूर्व सीएम ने रामलीला मैदान में एक घंटे का मौन रखा। उन्होंने कहा कि गर्मियों में चार माह सरकार संचालन गैरसैंण में करना चाहिए, लेकिन यहां एसडीएम और तहसीलदार के भी पद रिक्त हैं। देहरादून सहित अन्य जगहों पर केवल ग्रीष्मकालीन राजधानी के होर्डिंग लगाए गए हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सचिवालय निर्माण के लिए 57 करोड़ की स्वीकृत किए थे। गैरसैंण चौखुटिया विकास प्राधिकरण सहित कई अन्य विकास की कार्य कराए। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने गैरसैंण की उपेक्षा का कार्य किया है।

### बारिश से मोटर मार्ग हुए बंद

चमोली। मंगलवार रात क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से सणकोट गांव में भूस्खलन हुआ। गांव के खिलाप सिंह नेगी की आवासीय मकान को क्षति पहुंची है। ग्राम प्रधान अंशी बुटोला ने बताया कि मकान के पीछे हुए भू-स्खलन होने से मकान की दीवार और छत टूटने से घर में रखा सामान नष्ट हो गया। बारिश के कारण परखाल-सणकोट, परखाल-डुंग्री, परखाल-चोपता मोटर मार्ग के बंद रहने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। कर्णप्रयाग-ग्वालदम हाईवे मंगलवार रात बारिश के दौरान मलबा आ जाने से बाधित हो गया था। जिसे बुधवार सुबह आठ बजे बीआरओ ने जेसीबी मशीन से मलबा साफ कर खोला। बारिश के कारण हाईवे पर कई जगहों पर जलभराव और बाजारों में मलबा भरा है।

### फैसले के खिलाफ जताई नाराजगी

पौड़ी। एससी एसटी के आरक्षण पर आए फैसले को लेकर बुलाए गए भारत बंद के समर्थन में बुधवार को अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ ने बुधवार को डा.भीमराव आंबेडकर मूर्ति स्थल पर बैठक का आयोजन किया। बैठक के बाद डीएम कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में उबला देहरादून

## रैली में शामिल हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और संगठन के नेता







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 अगस्त , बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में तमाम संगठनों ने गांधी पार्क से आक्रोश रैली निकाली. राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने आक्रोश रैली का आह्वान किया था. जिसमें पूर्व सैनिक संगठन,सामाजिक संगठनों के साथ ही भाजपा और आरएसएस ने भी आक्रोश रैली में भाग लिया.भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और पार्टी संगठन के बड़े नेता इस दौरान शामिल रहे। वहीं प्रदेश भाजपा की सीनियर मीडिया पैनलिस्ट लक्ष्मी अग्रवाल भी बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ इस रैली में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की और बांग्लादेश सरकार से सहयोग और सुरक्षा की मांग दोहराई।

■ **लक्ष्मी अग्रवाल ने बांग्लादेश सरकार के असहयोग पर जताया गुस्सा**

वहीं आपको बता दें कि बाजार बंद का मिलाजुला असर दिखाई दिया हांलाकि मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप बंद रहे, जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई. व्यापारी संगठनों ने 12 बजे तक दुकानें बंद रखने का फैसला लिया था. आक्रोश रैली में राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने सभी व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हिंदुत्व की शक्ति को प्रदर्शित कर एकता का संदेश देने का आह्वान किया था. इससे पहले सभी प्रदर्शनकारी गांधी पार्क में इकट्ठा हुए, उसके बाद शांति मार्च निकालते हुए पलटन बाजार से होते हुए कचहरी में डीएम को ज्ञापन सौंपा.

वहीं प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का कहना है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है. ऐसे में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए. हालांकि आक्रोश रैली के दौरान जगह-जगह यातायात बाधित रहा. जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. पुलिस को सर्वे चौक, कनक चौक से आने वाले वाहनों को गांधी पार्क में चल रहे प्रदर्शन को देखते हुए एश्ले हॉल चौक से राजपुर रोड की ओर डायवर्ट करना पड़ा. वहीं रुद्रपुर के जसपुर में निकाला मशाल जुलूसः बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर पूरे देश भर में इसका विरोध चल रहा है. इसी क्रम में जनपद रुद्रपुर के जसपुर में आज हिन्दू संगठनों ने गांधी पार्क में एकत्र हुए और मशाल यात्रा निकाली. यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सुभाष चौक पर खत्म हुई.

## तेगड़ में राजकीय महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने पर खुशी

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत तेगड़ में प्रस्तावित राजकीय महाविद्यालय के लिए शासन स्तर से 10 पद स्वीकृत हुए हैं। जिसमें प्राचार्य, सहायक आचार्य हिंदी, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, कनिष्ठ सहायक, अनुसेवक, स्वच्छक, चौकीदार के पद आउटसोर्स के माध्यम से भरे जायेंगे। तेगड़ में राजकीय महाविद्यालय को स्वीकृति मिलने के बाद बुधवार को ग्रामीणों ने तेगड़ बाजार में ढोल-दमाऊं के साथ रैली निकाल कर मिष्ठान वितरण किया। महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक विनोद कंडारी का धन्यवाद ज्ञापित किया है। वर्ष 2016 में कांग्रेस शासन काल में बडियारगढ़ क्षेत्र में महाविद्यालय की मंजूरी दी थी। लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद बडियारगढ़ में महाविद्यालय की घोषणा धरातल में न उतरने पर लोगों में रोष था। ग्रामीणों की मांग पर 5 जून 2017 में बडियारगढ़ में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई। जिसके बाद 2022 में शासनादेश जारी किया गया। महाविद्यालय के लिए पदों और महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने तेगड़ बाजार में रैली निकालते हुए कहा कि बडियारगढ़/लोस्तु पट्टी के (तेगड़) में राजकीय महाविद्यालय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिलना पूरे क्षेत्र के लिये गौरवान्वित बात है। जिला पंचायत सदस्य अमित मेवाड़ ने कहा कि विधायक विनोद कंडारी के द्वारा देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा एवं अन्य ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए हैं, जो हमेशा इतिहास के पन्नों में याद रहेंगे। कहा कि शिक्षा हर व्यक्ति के जीवन और विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। तेगड़ में राजकीय महाविद्यालय का सपना आज लंबे समय के इंतजार के बाद साकार हुआ है। विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि लम्बे समय से लोस्तु बडियारगढ़ पट्टी के लोगों की महाविद्यालय की मांग थी। बीते मंगलवार को महाविद्यालय की स्वीकृति का आदेश जारी होने पर उन्होंने सीएम पुष्कर धामी व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत का आभार जताया है। कहा कि महाविद्यालय के लिए पद सृजन होने महाविद्यालय को स्वीकृति मिलने से बाद कडाकोट, बडियारगढ़, लोस्तु और भरदार पट्टी के छात्र-छात्राओं को नजदीक महाविद्यालय की सुविधा मिलेगी। मौके पर भाजपा के जिला मंत्री नरेंद्र कुंवर, पूर्व प्रधान लक्ष्मण सिंह पडियार, विजय पुंडीर, विनोद रावत, पंकज , कपिल व देवेंद्र बलूनी अन्य मौजूद रहे।

## इंटर कालेज में साइबर क्राइम की दी जानकारी

हरिद्वार। नैसकॉम फाउंडेशन की ओर से आदर्श सदन इंटर कॉलेज बहादुरपुर जट में डिजिटल लिटरेसी और साइबर क्राइम पर आधारित सोमिनार आयोजित किया गया। बताया कि हमें बिना जानकारी के किसी भी ऐप और दूसरे लिंक को फॉलो नहीं करना चाहिए। नैसकॉम फाउंडेशन की वालंटियर अनीता सागर ने बताया कि डिजिटल लिटरेसी और साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हम लोगों को इस बारे में जागरूक होना चाहिए। सबसे पहले इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। अनावश्यक ऐप को फॉलो नहीं करना है।

## आंबेडकर सोसाइटी ने चार घंटे सत्याग्रह किया

हरिद्वार। डॉ. बीआर आंबेडकर अनुसूचित जाति-जनजाति वैलफेयर सोसाइटी के पांच पदाधिकारियों ने विकास भवन के सामने चार घंटे सत्याग्रह किया। सोसाइटी के अध्यक्ष भानपाल सिंह रवि ने कहा कि हेलो एससी एसटी वर्गों की जातीय जनगणना संवैधानिक तरीके से प्रत्येक 10 वर्षों में सरकार कराती है। उसी के आधार पर जो वर्ग पिछड़ गए हैं, उन्हें मौजूदा आरक्षण की भांति अतिरिक्त आरक्षण देकर आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारों को जो पहल करनी चाहिए, उससे वह पीछे हट रही हैं।

## पसनी गांव को सड़क से जोड़ने की मांग की

नई टिहरी। ग्राम पंचायत पसनी को सड़क से जोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क के अभाव में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव तक सड़क न होने के कारण कई ग्रामीण पलायन कर चुके हैं। मौके पर चंबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पसनी की उप प्रधान संजना नेगी, आनंद सिंह नेगी, भरत सिंह, केदार सिंह, अरविंद सिंह, अजीत सिंह, दीपक सिंह, सतेंद्र सिंह, भरत सिंह आदि मौजूद रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया

नई टिहरी। विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर चंबा ब्लॉक के जीआईसी खंडकरी में बुधवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जन जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीनियर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी ने दीप जलाकर शिविर शुरू कराया। उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों, अध्यापकों और छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 विषयों पर कानूनी जानकारी दी। कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार ने कई योजनाएं, पेंशन स्कीम चलाई हैं। जिनका उन्हें लाभ लेना चाहिए। प्राधिकरण के रिटेनर अधिवक्ता राजपाल सिंह मियां ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और गरीब व निर्धन लोगों के लिए अधिवक्ता सेवाओं से रूबरू कराया। समाजसेवी व कवि सोमवारी लाल सकलानी ने कविताओं के माध्यम से जन समूह को जागृत कर अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराया। वहीं लोक गायक रवि गुसाईं ने छात्र-छात्राओं के साथ सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और अन्य प्रस्तुतियां दी।

## संक्षिप्त खबरें

### समस्याओं को लेकर रुद्रनाथ ठेकेदार एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग। रुद्रनाथ ठेकेदार एसोसिएशन रुद्रप्रयाग ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीण निर्माण विभाग में प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को 19 सूत्री मांग पत्र प्रेषित किया। कहा कि ठेकेदारों की मांगों पर यदि कार्यवाही नहीं की गई तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी कर विरोध व्यक्त किया। बुधवार को रुद्रनाथ ठेकेदार एसोसिएशन से जुड़े ठेकेदार मुख्यालय स्थित ग्रामीण निर्माण विभाग में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान न होने को लेकर नारेबाजी की। एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि लम्बे समय से निर्माणाचार्य जन अपनी समस्याओं से परेशान है। उन्होंने मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में कहा कि 10 करोड़ तक के कार्य उत्तराखंड के स्थाई एवं मूल लोगों को दिया जाए। जबकि निविदा में स्थायी, मूल निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता रखी जाए। कहा कि 5 करोड़ तक की निविदा सिंगल विड सिस्टम से करने, फेज प्रथम एवं फेज द्वितीय के कार्यों को निविदा संयुक्त रूप से करने, अधिक लोगों को रोजगार देने के लिए प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की संयुक्त निविदा को प्रति किमी. मानक दूरी के आधार पर करवाए जाने, केन्द्र एवं राज्य सरकार के बजट का 80 प्रतिशत के निर्माण कार्य उत्तराखंड के निर्माणाचार्यो से करवाने, श्रेणी डीसीबी की कार्य क्षमत क्रमशः 1.5 करोड़, 3 करोड़ एंव 6 करोड़ करने, बडे कार्यों को छोटे-छोटे कार्यों में बदलने का अधिकार खण्डिय कार्यालय के अधिशासी अभियन्ताओं का कर देने, रजिस्टेशन नियमों का शिथलीकरण करते हुए पूर्व की भांति रखते हुए समय सीमा 5 वर्ष करने, उत्तराखंड राज्य के सभी निर्माण विभागों के नियम एक जैसे करने, अलग-अलग मानको पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अजय पंवार, कोषाध्यक्ष दुर्गा सिंह रावत, सचिव सुरेंद्र बिष्ट सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार मौजूद थे।

### कार्यशाला में बोले शिक्षा को तकनीकी से रूचिकर बनायें

नई टिहरी। पीजी कॉलेज नई टिहरी में वर्चुअल लैब डेवलपमेंट को लेकर बुधवार को कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा को तकनीक के जरिए रुचिकर और आसान बनाया जा सकता है। कहा कि कॉलेज में वर्चुअल लैब महत्वपूर्ण स्थान है। बुधवार को पीजी कॉलजे सभागार में कार्यशाला का आईआईटी दिल्ली के सीनियर इंजीनियर जस्सी प्रसाद, मुस्ताक नजीर और महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रेनू नेगी ने शुभारंभ किया। उन्होंने राज्य के महाविद्यालयों में वर्चुअल लैबों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के प्रयोगों की सकारात्मकता व गुणात्मकता से छात्र छात्राओं को लाभ मिलेगा। नोडल अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश सेमवाल ने वर्चुअल लैब विकसित करने पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि यह अभिनव प्रयोग है। जिससे छात्रों को और ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। कार्यशाला में पीजी कॉलेज के 34 प्राध्यापक व 85 छात्र-छात्राओं के अलावा प्रतापनगर विधानसभा के हंसा धनाई राजकीय महाविद्यालय अगरोड़ा के 16 प्राध्यापकों और 21 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर वर्चुअल लैब समिति के सदस्य डॉ. संदीप बहुगुणा, डॉ. पुष्पा पंवार, प्रो. डीपीएस भंडारी, डॉ. विजय सिंह नेगी, डॉ. रजनी गुसाईं, डॉ. पीसी पैन्यूली, डॉ. जयेंद्र सजवाण, डॉ. आशा डोभाल, डॉ. आरती खंडूरी, डॉ. मणिकांत शाह, डॉ. नूर हसन, डॉ. सतेंद्र ढौंडियाल, डॉ. गुरुपद गुसाईं और डॉ. भारती जयसवाल मौजूद रहे।